विद्या सवर्धि साधिका

आनंदालय

सामयिक परीक्षा - 1

कक्षा : आठवीं

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 30

दिनांक: 13-07-2022 | निर्धारित समय: 1घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश:

1. यह प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है: 'क', 'ख', 'ग', 'घ'
2. चारों खंडों के प्रश्नोत्तर लिखने अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

खंड- 'क' (5 अंक)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीच लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

रवींद्रनाथ टैगोर ने 12 वर्ष की आयु से ही काव्य सृजन शुरू कर दिया था, बाद में उन्होंने गद्य साहित्य की रचना भी शुरू की और अपनी अधिकतर रचनाओं का उन्होंने अंग्रेजी में अनुवाद भी किया | अपनी प्रसिद्ध काव्य पुस्तक 'गीतांजलि' के अंग्रेज़ी अनुवाद के लिए उन्हें वर्ष 1913 में साहित्य का 'नोबेल पुरस्कार' प्राप्त हुआ और वे यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले केवल भारत के ही नहीं, बल्कि एशिया के भी प्रथम व्यक्ति बने | 'गीतांजलि' रवींद्रनाथ टैगोर की एक अमर काव्य कृति है | इसी के गीतों ने उन्हें 'विश्वकवि' के रूप में प्रतिष्ठित किया | कुछ लोगों का यह मानना है कि इसका अनुवाद किसी अंग्रेज़ कवि ने किया था, किंतु अब यह बात सिद्ध हो चुकी है कि यह अनुवाद किसी और ने नहीं, बल्कि स्वयं रवींद्रनाथ टैगोर ने ही किया था | जब वे लंदन अंग्रेज़ी भाषा की शिक्षा प्राप्त करने गए थे, उस दौरान 17वर्ष की आयु में उनकी मुलाकात अंग्रेज़ी के विश्वविख्यात रोमांटिक कवियों एवं लेखकों के साथ हुई | उनमें से कई उनके अच्छे मित्र बन गए | अपने उन मित्रों के साथ आयोजित कवि गोष्ठियों में अपनी बांग्ला कविताओं को सुनाने के दृष्टिकोण से उनका अनुवाद अंग्रेजी में किया करते थे|

(i) 'गीतांजलि' का अंग्रेज़ी अनुवाद किसने किया था तथा इसके लिए उन्हें कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(ii) नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय व्यक्ति का नाम बताइए ?

(iii) रवींद्रनाथ टैगोर अंग्रेज़ी शिक्षा प्राप्त करने कहाँ गए तथा उनकी मुलाकात किससे हुई ?

(iv) रवींद्रनाथ टैगोर ने किन विधाओं में साहित्य लेखन किया ?

(v) प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक लिखिए |

खंड- 'ख' (10 अंक)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x4=4)

(क) 'अनुस्वार' युक्त शब्द है -

(i) माँझी (ii) ज़मीन (iii) सम्मान (iv) संकट

(ख) 'अनुनासिक युक्त शब्द है -

(i) कंचन (ii) डॉक्टर (iii) हँसी (iv) अन्माद

(ग) ‘नुक्ता लगा है’ -

(i) इत्तफ़ाक (ii) कृषक (iii) बलवंत (iv) झाँसी

(घ) ‘ज् + इ + ज्+ ञ् + आ + स् +आ’ वर्ण-विच्छेद का सही शब्द है -

(i) जिग्नासा (ii) जिज्ञासा (iii) जिग्यासा (iv) जिजञासा

3(क) ‘परीक्षा’ शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग का सही विकल्प है - (1x2=2)

(i) पर (ii) प (iii) परि (iv) क्षा

(ख) ‘मनौती’ शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय का सही विकल्प है -

(ii) मन (ii) ती (iii) ओती (iv) औती

4(क) ‘वरदान’ शब्द का सही विलोम है - (1x2=2)

(i) अवशाप (ii) अभिशाप (iii) अवरदान (iv) श्राफ

(ख) ‘सिंह’ शब्द का सही युग्म पर्यायवाची शब्द है -

(i) हरि-भुजंग (ii) शेर-नाग (iii) केसरी-व्याघ्र (iv) अमि-दिवाकर

5. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - (1x2=2)

(क) हरे-हरे ये पात,
डालियाँ कलियाँ कोमल गात | - काव्य पंक्तियों में अलंकार है -

(i) यमक (ii) पुनरुक्ति (iii) अनुप्रास (iv) पुनरुक्ति-अनुप्रास

(ख) ‘कोल्हू का बैल’ - मुहावरे का अर्थ है -

(i) मंदबुद्धि होना (ii) दिनरात काम में जुटे रहना (iii) ताकतवर होना (iv) मज़दूर होना

<u>खंड- ‘ग’ (10 अंक)</u>

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 से 40 शब्दों में दीजिए - (2x3=6)

(क) किस आधार पर कवि अपने जीवन का अंत मानने को तैयार नहीं है ?

(ख) ननिहाल जाने पर लेखक बदलू के पास क्यों जाया करता था ?

(ग) ‘बस की यात्रा’ पाठ आज की परिस्थितयों में पूर्णतया सार्थक तथा उपयुक्त है, स्पष्ट कीजिए|

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए - (1x3=3)

(क) लेखक ने पन्ना क्या, कहीं भी, कभी भी पहुँचने की उम्मीद क्यों छोड़ दी थी? कारणों का उल्लेख कीजिए |

अथवा

(ख) कविता में दीवानों की कौन-सी बात आपको प्रभावित करती है और क्यों ?अपने शब्दों में लिखिए |

<u>खंड- ‘घ’ (6 अंक)</u>

8. निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर कोष्ठक में दिए संकेत बिंदुओं के आधार पर 100 से 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (6x1=6)

(क) **मेरी प्रिय पुस्तक** (पुस्तकों का उद्देश्य, मेरी प्रिय पुस्तक का नाम, उसकी विषयवस्तु, उद्देश्य समाज पर प्रभाव

(ख) **ऋतुओं की रानी : वर्षा ऋतु** (वर्षा ऋतु का महत्व, वर्षा ऋतु में व्याप्त सौंदर्य, किसानों की खुशी और जल संरक्षण, उपसंहार)

(ग) **पर्यावरण प्रदूषण** (प्रदूषण का अर्थ, प्रदूषण के प्रकार , दुष्परिणाम, निष्कर्ष)